**आयोजन** सहायक संचालक के सेवानिवृत्ति समारोह के साथ मनाई गई गुरु पूर्णिमा, गुरु का स्थान सर्वोपरि है : ठाकुर

# गुरु का चयन दाढ़ी व गाड़ी देखकर नहीं, विवेक देखकर करना : महामंडलेश्वर



**नवभारत, दमोह 10 जुलाई.** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया मप्र शासन द्वारा निर्धारित दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम संपन्न हुआ. कार्यक्रम की अध्यक्षीय आसंदी पर जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती विराजमान थे.

गुरु शिष्य परम्परा पर उद्बोधन देते हुए सेवानिवृत्त सहायक संचालक शिक्षा नन्हें सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारे भारत ने शिक्षा दीक्षा के क्षेत्र में विश्व को शिक्षित किया है. हमारे यहां तक्षशिला नालंदा विश्वविद्यालय थे, जहां विश्व भर के छात्र शिक्षित हुआ करते थे. पांचवीं-छठवीं शताब्दी में इन विश्वविद्यालयों विध्वंसकारियों ने जब नष्ट कर दिया, तो आदी शंकराचार्य ने स्वयं अपने गुरु से दीक्षित होकर भारत में ज्ञान का प्रकाश फैलाया. हमारे सनातन भारत में सनातनी हिन्दू के अलावा बौद्ध तथा सिख धर्म में भी गुरु का स्थान सर्वोपरि है.

### तीन तापों से व्यक्ति स्वर्ग-नर्क इसी जीवन में प्राप्त करता है

दूसरे अतिथि वक्ता राजेन्द्र गुरु ने गुरु को कबीर के दोहों के माध्यम से सर्वोपरि बताया. महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद सरस्वती ने गुरु को ब्रह्म ही बताया. शिष्य को गुरु चयन की स्वतंत्रता पर उन्होंने कहा कि गुरु का चयन दाढ़ी और गाड़ी देखकर नहीं गुरु का विवेक देखकर करना. बुद्धि और ज्ञान जब सत्संग में मथा जाता है तब विवेक पैदा होता है. विवेक को उन्होंने शुद्ध घी बताया, जिससे लाखों दीपक जल सकते हैं. सहजता, सरलता व समाजसेवा का भाव उनका उन्हें प्रदीप्त करता है. उन्होंने तीन ताप बताए दैहिक, लौकिक, भौतिक. इन तीन तापों से व्यक्ति स्वर्ग नर्क इसी जीवन में प्राप्त करता है.

### महामंडलेश्वर ने सेवानिवृत्ति पर दिया आशीष

उन्होंने सहायक संचालक शिक्षा की सेवानिवृत्ति पर आशीष दिया तथा अपने शब्दों से सम्मानित किया. कार्यक्रम के दूसरे चरण में पथरिया क्षेत्र के शिक्षकों, प्राचार्यों ने सहायक संचालक का सम्मान पुष्प व शाल उड़ा कर किया. कार्यक्रम का संचालन वीएसी बृजेश कुमार तिवारी ने किया.

### पटेरा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

जिले के पटेरा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले ग्राम बनगांव हनुमान मंदिर में सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया.जिसमे पंडित शुभम खम्परिया ने सर्वप्रथम गणेश पूजन प्रारंभ करके विधि-विधान से सभी देवताओं की पंचोपचार पूजन करके पाठ प्रारंभ करवाया.जिसमें सभी भक्तों सच्चे मन से भगवान का पूजन किया. इसके बाद सुंदर कांड का पाठ प्रारंभ किया. पाठ होने के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया.

### गुरु पूजन कर शिष्यों ने लिया आशीर्वाद



दमोह जिले में गुरु पूर्णिमा महोत्सव गुरुवार को शिष्यों द्वारा गुरु पूजन कर मनाया गया. नगर के मुकेश कालोनी सिंहवाहनी माता मंदिर में पं. संजय शास्त्री द्वारा पिछले कई वर्षों से लगातार गुरू पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं. जहां सुबह से ही नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों अन्य जिले के शिष्यों ने मंदिर परिसर पहुंच कर गुरु का गुरु पूजन कर शॉल व श्रीफ्ल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया. इसी तरह सिद्ध धाम हनुमानजी मंदिर खजरी मुहल्ला मे गुरु व शिष्यों ने पहुंच कर पं. कमल शुक्ला का शॉल व श्रीफ्ल देकर गुरू पूजन कर आशीर्वाद लिया. नगर के श्री शिव साईं मंदिर बेलाताल टापू में पं. कमलेश्वरानंद महाराज द्वारा गुरु दीक्षा कार्यक्रम 9 बजे से 12 तक आयोजित किया गया. जहां गुरु ने शिष्यों को गुरु दीक्षा दी.

### एएसपी व एसडीएम पहुंचे बांदकपुर



गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भीड़भाड़ और अग्रिम सावन माह के लिए व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर और पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में एसडीएम आरएल बागरी, एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदौरिया बांदकपुर पहुंचें .मंदिर और आसपास की व्यवस्थाओं का मंदिर प्रबंधक पंडित रामकृपाल पाठक के साथ जायजा लिया.इस अवसर पर थाना प्रभारी हिंडोरिया धर्मेंद्र सिंह गुर्जर, हिंडोरिया तहसीलदार प्रीतम सिंह,चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस प्रशासन मौजूद रहे.

### हजारों भक्तों ने किए जागेश्वर नाथ के दर्शन



गुरू पूर्णिमा पर श्री जागेश्वर नाथ बांदकपुर में सुबह से शाम तक हजारों भक्तों ने जलाभिषेक कर आराधना की. थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित पुलिस व्यवस्था मौजूद रहे.

### बेलाताल टापू मंदिर में मनाई गुरु पूर्णिमा




पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान व महिला पतंजलि योग समिति के द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व बेलाताल टापू मंदिर व अपना घर वृद्ध आश्रम की नियमित योग कक्षा में प्रात: काल योगाभ्यास के पश्चात गुरु पूजन, हवन, यज्ञ कर मनाया गया. इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के आजीवन सदस्यों के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे. जिला प्रभारी व राज्य कार्यकारिणी सदस्य ने गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर योग व आयुर्वेद में प्रकाश डालते हुए पतंजलि योग समिति द्वारा शहर व जिले में चलाई जा रही नि:शुल्क योग कक्षाओं की जानकारी दी.

## एक नजर में




### गुरु के महत्व को समझाया

**दमोह.** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर क्रीड़ा भारती द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के हाल में क्रीड़ा भारती के विभाग सह संयोजक विवेक दत्त शर्मा के द्वारा गुरु पूर्णिया के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि दीपक तिवारी बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य आरपी पटेल की अध्यक्षता व आरबी सिंह, गोविन्द रैदास सौरभ दुवे, राहुल पांडे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ. दीपक तिवारी ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को गुरु के महत्व को समझाया.




### गुरु हमें ज्ञान व मार्गदर्शन प्रदान करते हैं : पटेल

**दमोह.** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का प्रसारण व महाविद्यालय में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन हुआ. इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्रभान पटेल ने कहा कि संसार में गुरु के समान कोई नहीं. गुरु हमें ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं, जो जीवन में सफ्लता और खुशी प्राप्त करने के लिए आवश्यक है. विशिष्ट अतिथि पंकज हर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि संसार की सबसे पहली गुरु हमारी मां होती है. हमें सदा सद्बुद्धि की ओर अग्रसर होना चाहिए.



### वर्षावास कलश स्थापना हुई

**तेन्दूखेड़ा.** तेन्दूखेड़ा में सकल तारण तरण दिगम्बर जैन समाज को इस वर्ष बाल ब्रम्ह. बसंत जी महाराज के वर्षावास का पावन अवसर प्राप्त हुआ हैं. इस अवसर पर श्री जिनवाणी जी अस्थाप व कलश स्थापना का कार्यक्रम श्री तारण भवन में आयोजित किया गया. जिसमे सम्पूर्ण नगर में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सबसे आगे बाल ब्रम्ह. बसंत महाराज व साधक संघ के सानिध्य में निकाली गई. तारण समाज के अध्यक्ष सेठ संजय जैन ने बताया कि तेन्दूखेड़ा तारण तरण दिगम्बर जैन समाज को इतिहास रत्नाकर बाल ब्रम्ह. बसंत महाराज का मंगलमय वर्षावास पहली बार प्राप्त हुआ है.



### पथरिया में गुरु पूर्णिमा का आयोजन

**पथरिया।** पथरिया के माधवराव सप्रे शासकीय महाविद्यालय पथरिया में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. विनय कुमार वर्मा व विशिष्ट अतिथि डॉ. बी एल अहिरवार के द्वारा मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों का पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि, प्राचार्य व अन्य वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में गुरु पूर्णिमा के महत्व से अवगत कराया।

### गुरु के उपकार को मत भूलो : विशुद्ध सागर

**पथरिया.** नगर के विरागोदय तीर्थ में विराजित आचार्य विराग सागर के शिष्य पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के मंगल सानिध्य में गुरुपूर्णिमा का भव्य आयोजन हुआ जिसमें प्रात: काल से अभिषेक, शांतिधारा, गुरु पूजन बड़े भक्तिभाव से पूरे देश से पधारे हजारों भक्तों ने आनंद के साथ की। आज के शुभ अवसर पर पाद प्रक्षालन का सौभाग्य अरुण कोटाडिया अहमदाबाद को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट भक्तों को अवसर मिला। आज प्रवचन में गुरुपूर्णिमा के विशेष अवसर पर पूज्य श्री ने कहा गौतम गणधर जी को प्रथम दर्शन अपने गुरु भगवान् महावीर स्वामी का हुआ था इसलिए आषाढ़ मास की पूर्णिमा का दिन त्योहार बन गया।

# उफनते नाले के बीच पलटते-पलटते बची बस



**15 से 20 यात्री थे सवार, मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाला**

**नवभारत,दमोह 10 जुलाई.** जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी लकलका झापन मार्ग पर अपने गंतव्य की ओर जा रही यात्री बस उफनते नाले के बीच पलटते-पलटते बच गई, गनीमत रही की बस एमपी 09 एफ ए 5306 पलटी नहीं, नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने जान जोखिम में डालकर बस में मौजूद 15 से 20 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया.

बता दे कि झापन मार्ग पर लकलका नाला/पुलिया नाम से जाना जाता है, इसका पानी कभी-कभी अधिक बारिश होने से सड़क के ऊपर से बहता है. जैसे ही घटना की जानकारी पुलिस को लगी, तो मौके पर पुलिस अधीक्षक सोमवंशी के निर्देशन में एसडीओपी तेंदूखेड़ा देवी सिंह ठाकुर, नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेंद्रनाथ, तारादेही थाना प्रभारी आलोक तिरपुड़े, तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद सिंह, तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी नीतीश जैन सहित पुलिस ने पहुंचकर स्थिति को देख कर तत्काल यात्रियों को निकालने में सहयोग किया. इस घटना में साफ्-साफ तौर पर बस ड्राइवर की लापरवाही सामने आ रही है. लेकिन पेड़ और पत्थर बीच में आ जाने से बस नहीं पलट पाई. लगातार लोगों से अपील की जा रही है कि नाली नदियां उफान पर है तो बहते पानी के बीच निकलने की गलती ना करें.

### ड्राइवर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया

एसडीएम आरएल बागरी ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक अक्षेन्द्र नाथ चौकी इमलिया थाना तेजगढ़ अत्यधिक बारिश के कारण नदी नालों के तस्दीक करने हेतु क्षेत्र में रवाना हुये थे। लकलका के पास कुड़ी पुलिया के ऊपर पानी बह रहा था कुछ लोग पुलिया पार करने का प्रयास कर रहे थे, जिनको समझाइश दी गई। बस चालक द्वारा खतरनाक ढंग से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर यात्रियों की जान जोखिम में डाली गई, जिसे उपस्थित नागरिकों ने रोकने का प्रयास किया. इसके बाद भी बस निकालने के दौरान अत्याधिक तेज बहाव के कारण बस पुलिस के बायीं तरफ आधी नीचे उतर गई। ड्राइवर बस छोड़कर भाग गया। ग्रामवासियों की मदद से यात्रियों को सकुशल बस से उतारा गया।इस घटना के बाद ड्राइवर पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**इनका कहना है**

उफनते नाले में यात्रियों की जान जोखिम में डालने वाले बस चालक पर तेजगढ़ थाना में पुलिस ने मामला दर्ज किया है. आगे की कार्यवाही जारी है।

**थाना प्रभारी, अरविंद सिंह, तेजगढ़**

### 58 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित

**पथरिया।** राज्यमंत्री लखन पटेल ने तहसील पथरिया के ग्राम बोतराई में संकुल केन्द्र शासकीय हाई स्कूल में साईकिल वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किये। इस अवसर पर 58 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरित की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि गुरु हमारे जीवन में रास्ता दिखाने का काम करते हैं और आज इस पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने साइकिल वितरण का कार्य प्रारंभ किया है और सभी विधायक और मंत्रियों को अपने-अपने क्षेत्र में साइकिल वितरण कार्य प्रारंभ कराये जाने के निर्देश दिए है। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा कि सबसे पहले साइकिल वितरण का कार्य इस बार सही समय पर स्कूल खुलने के साथ-साथ प्रारंभ हो गया। यह व्यवस्था बहुत अच्छी रही।

## छात्राओं को खिलाई आयरन टैबलेट



**दमोह.** शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के समन्वय से एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के तहत शाला के छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कक्षा 6वीं से 12वीं तक की छात्राओं को आयरन टैबलेट सामूहिक रूप से खिलाई गई।

इस विशेष अवसर पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम शिवहरे विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम दौरान ही शाला प्रबंधन द्वारा तैयार किये गये शाला के लोगों का अनावरण श्याम शिवहरे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम उपरांत एक पेड मां के नाम के तहत कदंब के पौधे को शाला प्रांगण में रोपित किया गया। कार्यक्रम दौरान श्री शिवहरे ने बच्चों को नियमित रूप से हर मंगलवार को आयरन टैबलेट सेवन की सलाह देते हुए उनसे आग्रह किया कि टैबलेट सेवन के लिए परिवारजनों को भी प्रेरित करें। टैबलेट शारीरिक-मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण टैबलेट सेवन से शरीर चुस्त रहेगा।

### प्रधान आरक्षक वीरेंद्र चौधरी का निधन



**दमोह.**जिला पुलिस बल में पदस्थ कार्यवाहक प्र. आर. 318 वीरेन्द्र चौधरी का लंबी बीमारी के कारण स्वर्गवास हो गया है, ईश्वर दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे.

### युवक की डूबने से मौत

**तेंदूखेड़ा.** तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत बहेरिया ग्राम में खेत जाते समय ग्राम के पास से निकले केमरी नाले में एक युवक की डूबने से मौत हो गई. जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया की गुलाब पिता कौशल यादव उम्र तीस वर्ष खेत जा रहा था, रास्ते में पढ़ने वाले नाले को पार करते समय अचानक तेज वहाब के चलते पानी में डूबने से मौत हो गई. परिजन जिससे सामुदायिक स्वस्थ केंद्र लेकर आए.

## 491 महिलाओं की विशेषज्ञों ने की जांच

**कलेक्टर ने बटियागढ़ व सदगुवां का किया औचक निरीक्षण**



**नवभारत, दमोह 10 जुलाई.** जिले में सुबह से लगातार हो रही भारी बारिश के बावजूद चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती एवं सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं ने उत्साह पूर्वक सामुदायिक व आयुष्मान आरोग्यम प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थाओं में पहुंचकर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। 491 महिलाओं का स्त्री रोग विशेषज्ञों, स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सकों ने स्वास्थ्य जांच की।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी सहित कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिकों का जायजा लिया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक का औचक निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटियागढ़, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सदगुवां पर जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच प्रक्रिया की जानकारी लेकर प्रदायित की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की।

### 24 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई

सिविल अस्पताल हटा में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. संगीता त्रिवेदी ने चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के अलावा 24 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की। संस्था में गर्भवती महिलाओं को सेहतमंद बनाये रखने में उपयोगी पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पथरिया में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका छाबड़ा, तेन्दूखेड़ा में डॉ. रवेन्द्र ठाकुर, जबेरा डॉ. पूर्वशी राय, बटियागढ़ में डॉ. मिताली हैरिसन, पटेरा में डॉ. प्रियांशी साहू एवं हिण्डोरिया में डॉ. ज्योति दुबे ने जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की जांच की।

## जन कल्याण शिविर में बने 5 आयुष्मान कार्ड

**कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम नारायणपुरा उपस्वास्थ्य केंद्र में शिविर आयोजित**



**हटा/दमोह।** कलेक्टर सुधीर कोचर के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी हटा राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में हटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत नारायणपुरा में जन कल्याण शिविर संपन्न हुआ।

शिविर में राजस्व, लोकसेवा केन्द्र, स्वास्थ्य, पंचायत विभाग, महिला बाल विकास, कृषि, खाद्य और विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के स्टॉल लगाए गए। शिविर में हितग्राहियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किये जिनका निराकरण किया गया। शिविर में आधार कार्ड अपडेट, ई केवाईसी, समग्र आईडी, जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पात्रता पर्ची कूपन, पेंशन, जाति प्रमाण पत्र आदि प्रस्तुत किये गये तथा मौके पर मौजूद लोगों की समस्याओं का निराकरण, महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार और परामर्श दिया गया।

### पात्रता पर्ची में 12 नये नाम जोड़े गये

इस दौरान शिविर में जनकल्याण शिविर में राजस्व विभाग द्वारा पीएम सम्मान निधि के 15, फार्मर आईडी 23, खसरा समग्र ई-केवायसी 8 एवं अन्य 1, लोक सेवा केन्द्र द्वारा आधार अपडेट 12, जाति प्रमाण पत्र 4, जन्म प्रमाण पत्र 15, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड 5, टीकाकरण 6 तथा स्वास्थ्य परीक्षण 35, जनपद पंचायत द्वारा समग्र (ई-केवायसी) 16, विवाह पंजीयन 01, स्वच्छता सर्वेक्षण फीडवेक 20, वृद्धावस्था पेंशन 1, कल्याणी पेंशन 1, संबल कार्ड 5, महिला व बाल विकास द्वारा मातृ वंदना योजना 5, लाड़ली लक्ष्मी योजना 01 एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पात्रता पर्ची में 12 नये नाम जोड़े गये। शिविर में पंचायत समन्वयक राजेश पाराशर, अंकिता पाराशर, सरपंच जसवेंद्र यादव, सचिव संतोष पटेल, मनोज उपाध्याय सहित कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### अपराधी पर की जिला बदर की कार्यवाही

**दमोह.** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 01 अपराधी पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार अनावेदक रत्नेश ऊर्फ टाटा मिश्रा निवासी ग्राम बोतराई थाना पथरिया को दमोह जिले की भौगोलिक सीमाओं से आगामी 3 माह अर्थात (90 दिवस) की कालावधि के लिये निष्कासित कर दिया है तथा आदेशित किया है कि अनावेदक आदेश की प्राप्ति से 24 घंटे के अंदर जिले की सीमाओं से बाहर चला जाये एवं अपने आचरण में सुधार करें। जिला बदर की अवधि में अनावेदक को केवल उनके विरूद्ध चल रहे न्यायालयीन प्रकरणों में पेशी दिनांक को उपस्थिति हेतु छूट रहेगी, परंतु थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देगा तथा न्यायालय में पेशी होने के तुरंत पश्चात वह इस आदेश का पालन सुनिश्चित करेगा।



## मेडिकल कॉलेज का 80 फीसद कार्य पूर्ण

**सांसद ने निर्माण कार्य का जायजा लिया और प्रगति की समीक्षा की**

**दमोह 10 जुलाई ।** नवनिर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज दमोह का क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह ने भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने बॉयज हॉस्टल, नर्सिंग स्टाफ आवास, ऑडिटोरियम आदि निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की।

इस अवसर पर एसडीएम आरएल बागरी विशेष रूप से मौजूद थे। सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य प्रगति की समीक्षा की गई है और तकरीबन 75-80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है. बॉयज हॉस्टल, नर्सिंग स्टाफ के आवास की सुविधा और ऑडिटोरियम, जहां पर छात्रों का सेमिनार होना है, जिस हिसाब से कार्य चल रहा है, मुझे ऐसा लगता है कि मार्च तक कंप्लीट हो जाएगा और सितम्बर तक एडमिशन की स्थिति यहां पर बनने लगेगी। मुझे लगता है कि अगले वर्ष सितम्बर तक मेडिकल कॉलेज दमोह के लिये समर्पित हो जायेगा। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के अलावा संजय यादव, भरत यादव सहित कार्यकारी एजेंसी के अधिकारी मौजूद थे।